# अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई देगा गंगा एक्सप्रेसवे : योगी

शाहजहांपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश से शुरू होकर मध्य यूपी होते हुए पूर्वी उत्तरी प्रदेश को जोड़ने वाला गंगा एक्सप्रेसवे देश का सबसे बड़ा एक्सप्रेसेवे होगा। यह प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई प्रदान करेगा।

उन्होंने कहा कि लगभग 600 किलोमीटर लंबे सिक्स लेन एक्सप्रेस-वे को बाद में बढ़ाकर आठ लेन का किया जाएगा। इसका निर्माण 36 हजार करोड़ रुपये की लागत से होगा, जिसमें 96 फीसदी भूमि अधिग्रहण हो चुकी है। सीएम ने यह बातें बुधवार को रोजा रेलवे मैदान में 18 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम से पूर्व तैयारियों का जायजा लेने के दौरान मीडियार्मियों से कहीं। प्रधानमंत्री गंगा एक्सप्रेसवे का शिलान्यास करेंगे। यह एक्सप्रेसवे मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ होते हुए प्रयागराज तक जाएगा। इसमें 518 ग्राम पंचायतों से 60386 हेक्टेयर जमीन ली गई है। कार्य आरंभ कराने की दृष्टि से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शाहजहांपुर आ रहे हैं। संवाद



**18 दिसंबर को शिलान्यास करेंगे पीएम मोदी**